बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-319
18/06/2020

मुख्यमंत्री ने भारत–चीन सीमा पर स्थित गलवान घाटी में शहीद हुये जवानों के पार्थिव शरीर पटना पहुॅचने पर पुष्प–चक्र अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी, वीर सूपतों को पुष्प–चक्र अर्पित करते हुये मुख्यमंत्री हुये मर्माहत

- बिहार निवासी पॉच शहीदों के परिवार को राज्य सरकार की ओर से 11–11 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान दिया जायेगा।
- इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री राहत कोष से इन पॉच शहीदों के परिवार को 25–25 लाख रूपये दिया जायेगा।
- पॉच शहीदों के परिवार से एक–एक आश्रित को राज्य सरकार द्वारा नौकरी दी जायेगी।

पटना, 18 जून 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पटना स्थित जय प्रकाश नारायण हवाई अड्डा पर भारत–चीन सीमा पर स्थित गलवान घाटी में शहीद हुये भोजपुर जिले के ज्ञानपुरा, जगदीशपुर निवासी बिहार रेजिमेंट के 16वीं बटालियन के सिपाही चंदन कुमार, सहरसा जिले के ग्राम आरन निवासी बिहार रेजिमेंट के 16वीं बटालियन के सिपाही कुंदन कुमार, समस्तीपुर जिले के ग्राम सुल्तानपुर पूरब, पटोरी निवासी बिहार रेजिमेंट के 16वीं बटालियन के सिपाही अमन कुमार, वैशाली जिले के ग्राम जनसाहा निवासी बिहार रेजिमेंट के 12वीं बटालियन के सिपाही जयकिशोर तथा साहेबगंज, झारखण्ड निवासी कुंदन कुमार ओझा के पार्थिव शरीर पर पुष्प–चक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। ज्ञातव्य है कि पटना जिले के बिहटा थानान्तर्गत ग्राम तारा नगर निवासी एक और शहीद बिहार रेजिमेंट के 16वीं बटालियन के हवलदार सुनील कुमार का पार्थिव शरीर कल पटना पहुॅचा था और उनका अंतिम संस्कार पुलिस सम्मान के साथ किया गया।

मुख्यमंत्री इस घटना से काफी मर्माहत हैं। मुख्यमंत्री ने भारत–चीन सीमा पर हुयी झड़प में बिहार निवासी पॉच शहीदों– चंदन कुमार, कुंदन कुमार, अमन कुमार, जयकिशोर एवं सुनील कुमार के शहादत के सम्मान में इनके परिजनों को राज्य सरकार की ओर से 11–11 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री राहत कोष से पॉचों शहीदों के परिवार को 25–25 लाख रूपये दिये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा है कि पॉचों शहीदों के परिवार से एक–एक आश्रित को राज्य सरकार द्वारा नौकरी भी दी जायेगी।

हवाई अड्डे पर उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी, नेता प्रतिपक्ष श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, कृषि मंत्री श्री प्रेम कुमार, पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव, स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडेय, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, जल संसाधन मंत्री श्री संजय झा, श्रम संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, सूचना एवं जन–सम्पर्क मंत्री श्री नीरज कुमार, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री संजय जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, पुलिस महानिदेशक श्री गुप्तेश्वर पांडेय, अपर मुख्य सचिव गृह श्री आमिर सुबहानी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक श्री जे0एस0 गंगवार, प्रमण्डलीय आयुक्त श्री संजय कुमार अग्रवाल, जिलाधिकारी श्री कुमार रवि, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री उपेन्द्र शर्मा सहित बी0आर0सी0 दानापुर के वरीय पदाधिकारियों ने भी अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

******